भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 959

06 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

उत्तर प्रदेश में नए स्पंज लौह उद्योग

959. श्रीमती कान्ता कर्दम:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में उत्तर प्रदेश सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्रचालनरत स्पंज लौह उद्योगों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) इन उद्योगों में उपलब्ध रोजगार-अवसरों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में नए स्पंज लौह उद्योग खोलने की योजना बना रही है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): उत्तर प्रदेश सहित, देश में वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान प्रचालनरत स्पंज आयरन संयंत्रों की संख्या का राज्य-वार/केन्द्रशासित प्रदेश-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:

<u>भारतीय स्पंज आयरन उद्योग का राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश-वार ब्यौरा, 2020-21</u>

राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश	**इकाइयों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	6
छत्तीसगढ़	69
गोवा	3
गुजरात	10
झारखंड	24

कर्नाटक	35
महाराष्ट्र	7
ओडिशा	76
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	9
उत्तर प्रदेश	4
पश्चिम बंगाल	36
कुल	**285**
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)	

(ख): वर्ष 2020-21 के दौरान देशी स्पंज आयरन उद्योग में कुल रोजगार करीब 85,000 था (स्रोत: जेपीसी)।

(ग): इस्पात के एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण, स्पंज आयरन उद्योगों की स्थापना करने से संबंधित विशिष्ट निर्णय अलग-अलग इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों तथा बाजार की गतिविधियों के आधार पर लिए जाते हैं।

****